माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

WEBSITE : www.mpbse.nic.in & *E-mail id* : mpbse@mp.nic.in

कार्यालय–0755–2551650, फैक्स–0755– 2552061

क्रमांक /1878 /परीक्षा समन्वय/2020 भोपाल, दिनांक 02/11/2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य
मण्डल से सम्बद्धता प्राप्त संस्थायें
मध्यप्रदेश।

विषयः–शैक्षणिक सत्र 2020–21 की परीक्षाओं के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र ऑन लाईन भरने संबंधी निर्देश।

संदर्भः– मण्डल का पत्र कमांक/1844/प.स./2020, भोपाल दिनांक 15.10.2020

—00—

मण्डल के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020–21 की परीक्षाओं के लिये ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

2– मण्डल की वेबसाईट www.mpbse.nic.in पर परीक्षा के लिये ऑन लाईन आवेदन–पत्र निम्नानुसार भरे जा सकेंगे :–

2.1 मण्डल से मान्यता प्राप्त विद्यालय द्वारा वेबसाईट www.mpbse.nic.in पर लॉगिन करने पर विद्यालय को परीक्षा आवेदन–पत्र भरने का विकल्प उपलब्ध होगा।

2.2 परीक्षा फार्म के चिन्ह पर क्लिक करने पर संबंधित विद्यालय द्वारा नामांकित सभी विद्यार्थियों की जानकारी कक्षावार दृश्य होगी।

2.3 संबंधित विद्यालय प्रत्येक विद्यार्थी के हिन्दी व अंग्रेजी में नाम, जन्म तिथि, फोटो एवं परीक्षा के विषय आदि में परिर्वतन की दशा में प्राचार्य के पासवर्ड से संशोधन कर सकेंगे।

2.4 विद्यालय जिन विद्यार्थियों के संबंध में दर्ज जानकारी की पुष्टि का चिन्ह (✓) दर्ज कर प्रमाणीकरण करेंगे, उनका परीक्षा शुल्क एकजाई रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित होगा।

2.5 संबंधित विद्यालय द्वारा प्रमाणीकरण व परीक्षा शुल्क का भुगतान करने पर संबंधित विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑन लाईन प्रस्तुत एवं ग्राहय हो जावेगा।

2.6 विद्यालय भिन्न–भिन्न विद्यार्थियों के लिये भिन्न–भिन्न समय पर प्रमाणीकरण व शुल्क जमा करने की कार्यवाही कर सकेंगे।

2.7 परीक्षा शुल्क जमा करने के लिये बैंक शुल्क नहीं लगेगा। यदि कोई बैंक किसी प्रकार का शुल्क लगाता है तो मण्डल की हेल्प लाईन नम्बर पर सूचना देकर उसका समाधान कराया जा सकेगा।

2.8 स्वाध्यायी विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र में उनका नामांकन आवेदन निहित होगा। अर्थात आवेदन का प्रथम भाग नामांकन फार्म एवं द्वितीय भाग परीक्षा आवेदन–पत्र होगा। पूर्व से नामांकित विद्यार्थी की दशा में विद्यालय नामांकन फार्म की जानकारी अद्यतन कर पुष्टि कर सकेगा।

2.9 सभी विद्यालय प्रमुख पोर्टल पर यथासंभव स्वंय कार्य करें तथा विद्यालय का यूजर नेम/पासवर्ड किसी अन्य संस्था/निजी व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करें।

3– परीक्षा आवेदन–पत्र भरने के लिये शुल्क व संशोधित समयावधि निम्नानुसार होगीः–

स.क.	समयावधि	नियमित शुल्क (रुपये)	विलम्ब शुल्क (रुपये)
1	दिनांक 30.11.2020 तक	900/–	शून्य
2	दिनांक 31.12.2020 तक	900/–	2000/–
3	दिनांक 31.01.2021 तक	900/–	5000/–
4	मण्डल की परीक्षा के प्रथम प्रश्न–पत्र से एक माह पूर्व तक।	900/–	10,000/–

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृष्ठा. कमांक/1879/परीक्षा समन्वय/2020 भोपाल, दिनांक 02/11/2020

प्रतिलिपि–

1– निज सचिव– अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल।

2– प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

3– आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश, भोपाल।

4– समस्त– मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश।

5– समस्त–संभागीय, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश।

6– समस्त–जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।

7– समस्त–प्राचार्य, समन्वय संस्था, मध्यप्रदेश।

8– आंचलिक/समस्त–संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।

9– पंजीयक परीक्षा/जनसंपर्क अधि./विधि अधि./सी.एस.ओ./ वित्ताधिकारी, मा.शि.मण्डल, म.प्र., भोपाल.।

10– समस्त– सहायक सचिव/कक्षाधिकारी परीक्षा संभाग, मा.शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल।

11– नि.स. सचिव/अतिरिक्त सचिव/परीक्षा नियंत्रक/मा.शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्यप्रदेश, भोपाल